विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| *12 (क) क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद- उन्नाव मुख्यालय में नार्मल स्कूल के समीप अल्पसंख्यक विभाग द्वारा महिला डिग्री कालेज की स्थापना की जा रही है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त डिग्री कालेज के भवन निर्माण हेतु अब तक आवश्यकता के सापेक्ष कुल कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है? | उक्त महिला डिग्री कालेज के भवन निर्माण हेतु कुल अनुमोदित लागत रू0 477.50 लाख के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि रू0 477.50 लाख कार्यदायी संस्था के पक्ष में अवमुक्त की जा चुकी है। |
| (ग) उक्त कालेज भवन निर्माण को कब तक पूर्ण कराकर कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ करायेगें? | स्वीकृत/अनुमोदित लागत में कार्य पूर्ण कर परियोजना को क्रियाशील किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये जा चुके हैं। समयबद्ध कार्यवाही/ प्रभावी अनुश्रवण हेतु शासनादेश संख्या-654/52-1-2023 दिनांक 30 जून, 2023 द्वारा एक अन्तर्विभागीय समिति का भी गठन किया गया है। |

**धर्मपाल सिंह**
मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग।